॥ श्री महावीराय नमः ॥

# श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस

प्रधान कार्यालय : जैन भवन, 12 , शहीद भगतसिंह मार्ग, गोल मार्किट, नई दिल्ली-110001

SHRI ALL INDIA SHWETAMBER STHANAKWASI JAIN CONFERENCE

H.O. : Jain Bhavan, 12, Shaheed Bhagat Singh Marg, Gole Market, New Delhi-110001

दूरभाष : +91-011-23363729, 23365420, फैक्स : 23344380, E-mail : aissjc1906@gmail.com

पत्रांक : ए.आई.एस.एस.जे.सी. - चुनाव /119/21/11 30.03.2021

## प्रांतीय चुनाव अधिकारी / प्रांतीय सह-चुनाव अधिकारी के नाम पत्र
## चुनाव संबंधी नामांकन प्रक्रिया आवश्यक सलाह क्रमांक 01

1. संविधान, नियम-उपनियम की प्रतिलिपि आपके अवलोकनार्थ उपलब्ध करवा दी गयी है ।
2. जैन प्रकाश - मार्च 2021 मासिक, पृष्ठ संख्या 10 से 36 का अवलोकन अच्छी तरह करें ।
3. प्रांतीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्यता हेतु नामांकन पत्र आपको प्रेषित किये जा रहे हैं ।

### 4. नामांकन पत्र बिक्री एवं जारी करने की प्रक्रिया :

(A) आपके पास नामांकन पत्र शुल्क **(Nomination Form Cost)** व नामांकन शुल्क **(Nomination Fee)** प्राप्ति की, बैंक रसीदें, **RTGS** का **UTR** नंबर व **NEFT** का **UTR** नंबर आयेंगे/आये हैं, कृपया मंगलवार, 06 अप्रैल 2021 ( Nomination Form Cost) तक एवं बुधवार, 14 अप्रैल 2021 **(Nomination Fee)** तक केंद्रीय कार्यालय जैन भवन, नई दिल्ली में प्रबंधक श्री अनिलजी श्रीवास्तव (मोबा. 98830 18244) से सत्यापित करा लें ।

(B) प्रत्येक नामांकन पत्र प्रत्याशी को जारी करने से पूर्व प्रांतीय चुनाव अधिकारी/ प्रांतीय सह-चुनाव अधिकारी अपने हस्ताक्षर कर फार्म को पूर्व अधिकृत करें । बिना पूर्व अधिकृत के कोई भी नामांकन पत्र मान्य नहीं होगा।

(C) प्रांतीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य हेतु नामांकन पत्र जारी करते समय प्रत्येक नामांकन पत्र के साथ जैन प्रकाश अंक मार्च 2021 (सॉफ्ट कॉपी), आदर्श चुनाव आचार संहिता तथा प्रांतीय अध्यक्ष नामांकन पत्र के साथ प्रत्याशी जीवन परिचय का प्रारूप जो आपको भेजा गया है वह भी जारी करें । नामांकन पत्र राशि प्राप्ति रसीद जारी करें । नामांकन पत्र राशि प्राप्ति रसीद की बुक आपको भेजी है ।

(D) कृपया स्मरण रहे कि नामांकन पत्र जारी करने की दिनांक 02 अप्रैल 2021 शुक्रवार, से 06 अप्रैल 2021 मंगलवार तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक का है ।

(E) नामांकन पत्र जिस सदस्य के नाम से जारी किया गया है वह नामांकन पत्र नामांकित सदस्य के लिए ही वैध होगा । (संविधान पेज 25 - A15)

(F) बचे हुए नामांकन पत्र व रसीदें, मंगलवार 06 अप्रैल 2021 सायं. 4:00 बजे के पश्चात् तुरंत कैंसल करके अपने हस्ताक्षर कर देवें । अगली सूचना तक अपने पास सुरक्षित रखें ।

### 5. नामांकन पत्र दाखिल प्रक्रिया :

(A) नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुक्रवार दिनांक 09 अप्रैल 2021 से बुधवार 14 अप्रैल 2021 समय प्रातः 11:00 बजे से सायं. 4:00 बजे तक का है ।

क्रमश : 2

॥ श्री महावीराय नमः ॥

**श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस**

प्रधान कार्यालय : जैन भवन, 12 , शहीद भगतसिंह मार्ग, गोल मार्किट, नई दिल्ली-110001

**SHRI ALL INDIA SHWETAMBER STHANAKWASI JAIN CONFERENCE**

H.O. : Jain Bhavan, 12, Shaheed Bhagat Singh Marg, Gole Market, New Delhi-110001

दूरभाष : +91-011-23363729, 23365420, फैक्स : 23344380, E-mail : aissjc1906@gmail.com



(B) नामांकन पत्र दाखिल करने हेतु प्रत्याशी को प्रांतीय चुनाव अधिकारी या प्रांतीय सह-चुनाव अधिकारी या राष्ट्रीय चुनाव समिति द्वारा अधिकृत व्यक्ति के समक्ष स्वयं उपस्थित होना पड़ेगा । नामांकन पत्र के साथ नामांकन शुल्क **(Nomination fee)** जमा की रसीद एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी लगाना अनिवार्य है । नामांकन पत्र दाखिल करते समय मूल **(Original)** आधार कार्ड दिखाना आवश्यक है । (संविधान पेज 21-घ) नामांकन पत्र के साथ 3 latest पासपोर्ट साईज फोटो देना आवश्यक होगा । वही प्राप्त फोटो मत पत्र पर छापा जायेगा । प्रांतीय अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए **'प्रत्याशी जीवन परिचय'** भरकर देना अनिवार्य होगा ।

(C) नामांकन पत्र प्राप्ति के समय प्रत्याशी को यह स्पष्ट रूप से बता दिया जाये कि प्रत्येक पद हेतु संवैधानिक योग्यता संबंधित जो आवश्यक है, वे गलत पाये जाने पर नामांकन पत्र को अवैध घोषित कर दिया जायेगा ।

(D) नामांकन पत्र दाखिल करने के प्रतिस्वरूप, नामांकन पत्र एवं नामांकन शुल्क राशि प्राप्ति रसीद जारी करें । रसीद बुकें आपको भेजी हैं । रसीद पर नामांकन पत्र प्राप्त करने का समय विशेष रूप से लिखा जाये ।

## 6. नामांकन पत्र संबंधी जाँच प्रक्रिया :

(A) मतदाता सूची से प्रत्याशी, प्रस्तावक व समर्थक की आजीवन सदस्यता जाँच कर लेवें ।

(B) प्रत्याशी की कार्यकाल संबंधी योग्यता, पूर्व राष्ट्रीय / प्रांतीय कार्यकारिणी समिति सदस्यों की सूची आपको उपलब्ध कराई जा रही है।

(C) वर्तमान राष्ट्रीय / प्रांतीय कार्यकारिणी समिति सदस्यों की सूची उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें से आप प्रस्तावक व समर्थक के विवरण की जाँच कर लेवें ।

(D) नामांकन पत्रों की जाँच के पश्चात् वैध प्रत्याशियों की सूची व नामांकन पत्र की स्कॅन कॉपी शनिवार दिनांक 17 अप्रैल 2021 को सायं काल को अपने हस्ताक्षर सहित ecjainconf2021@gmail.com व प्रतिलिपि aissjc1906@gmail.com पर भेज देवें।

(E) अवैध घोषित नामांकन पत्रों की सूची बनाकर कारण सहित अपने हस्ताक्षर करके समस्त अवैध नामांकन पत्र व तत्संबंधी दस्तावेजों की स्कॅन कॉपी E-mail : ecjainconf2021@gmail.com पर शनिवार दिनांक 17 अप्रैल 2021 को सायंकाल को भिजवाएं ।

(F) वैध प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन शनिवार दिनांक 17 अप्रैल 2021 दोपहर 4:00 बजे अपने प्रांत में अधिकृत स्थान के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करें ।

## (G) प्रांतीय अध्यक्ष का नामांकन पत्र :

प्रांतीय अध्यक्ष के नामांकन पत्र पर वर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति या उसी प्रांत के प्रांतीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य प्रस्तावक या समर्थक हो सकते हैं । जो कार्यकारिणी सदस्य किसी एक प्रत्याशी के नामांकन पत्र में प्रस्तावक या समर्थक बने हैं वे प्रांतीय अध्यक्ष पद के अन्य किसी भी प्रत्याशी के नामांकन पत्र पर प्रस्तावक अथवा समर्थक नहीं हो सकते । अपवाद की स्थिति में जहाँ पर किसी कार्यकारिणी के सदस्य ने एक से अधिक प्रत्याशियों का प्रस्ताव अथवा समर्थन किया ऐसे में पहले प्राप्त हुआ नामांकन पत्र ही वैध होगा और बाद में प्राप्त हुए सभी नामांकन पत्र अवैध माने जायेंगे ।

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस
प्रधान कार्यालय : जैन भवन, 12 , शहीद भगतसिंह मार्ग, गोल मार्किट, नई दिल्ली-110001
SHRI ALL INDIA SHWETAMBER STHANAKWASI JAIN CONFERENCE
H.O. : Jain Bhavan, 12, Shaheed Bhagat Singh Marg, Gole Market, New Delhi-110001
दूरभाष : +91-011-23363729, 23365420, फैक्स : 23344380, E-mail : aissjc1906@gmail.com



## (H) राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य का नामांकन पत्र :

राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य के नामांकन पत्र पर वर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति या प्रांतीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य प्रस्तावक या समर्थक हो सकते हैं । जिस प्रांत से जितने राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्यों का चुनाव होना है उस प्रांत के वर्तमान राष्ट्रीय / प्रांतीय कार्यकारिणी समिति सदस्य अधिकतम उतने ही प्रत्याशियों के प्रस्तावक अथवा समर्थक हो सकते हैं । अपवाद की स्थिति में पहले प्राप्त हुए नामांकन पत्र वैध माने जायेंगे और बाद में प्राप्त हुए सभी नामांकन पत्र अवैध माने जायेंगे । उदाहरण के लिये यदि किसी एक प्रांत से पाँच राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्यों का चुनाव होना है तो कोई भी वर्तमान राष्ट्रीय / प्रांतीय कार्यकारिणी समिति सदस्य अधिकतम पाँच प्रत्याशियों का प्रस्तावक अथवा समर्थक हो सकता है और यदि कोई पाँच से अधिक प्रत्याशियों का प्रस्तावक अथवा समर्थक पाया जायेगा ऐसी स्थिति में पहले प्राप्त हुए पाँच नामांकन पत्र वैध माने जायेंगे और बाद में प्राप्त हुए सभी नामांकन पत्र अवैध माने जायेंगे । जो व्यक्ति स्वयं उम्मीदवार है वे स्वयं के अलावा शेष प्रतिनिधित्व संख्या के लिये प्रस्तावक या समर्थक हो सकता है ।

## 7. नामांकन पत्र वापसी प्रक्रिया

(A) नामांकन वापस लेने के लिए पत्र का प्रारूप आपको भेज रहे हैं जिसे आप सभी प्रत्याशियों को भेज सकते हैं । इसके अलावा भी पत्र का प्रारूप circulate कर सकते हैं ।

(B) कोई भी प्रत्याशी किसी भी राष्ट्रीय / प्रांतीय चुनाव अधिकारी, राष्ट्रीय / प्रांतीय सह चुनाव अधिकारी या राष्ट्रीय चुनाव समिति द्वारा अधिकृत व्यक्ति के पास उपस्थित होकर अपना नामांकन पत्र वापस लेने का पत्र दाखिल कर सकता है । उदाहरण के लिए : कोई भी राष्ट्रीय / प्रांतीय अध्यक्ष पद का प्रत्याशी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य पद का प्रत्याशी किसी भी राष्ट्रीय / प्रांतीय चुनाव अधिकारी, राष्ट्रीय / प्रांतीय सह चुनाव अधिकारी या राष्ट्रीय चुनाव समिति द्वारा अधिकृत व्यक्ति के समक्ष प्रस्तुत होकर अपना नामांकन वापस ले सकता है ।

(C) नामांकन वापसी का पत्र लेते समय चुनाव अधिकारी को प्रत्याशी का मूल (original) आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र जाँच करना है ।

(D) नामांकन वापसी पत्र (Blank Format) अपने पास प्रिंट निकालकर रखें । स्मरण रहे नामांकन पत्र वापसी का अंतिम समय मंगलवार दिनांक 27 अप्रैल 2021 सायं 4:00 बजे तक का है ।

**8.** किसी भी अपवाद या विशेष परिस्थिति में अंतिम निर्णय का अधिकार राष्ट्रीय चुनाव समिति के पास सुरक्षित है ।

**नोट :** राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिये प्रांतीय अध्यक्ष वाले नियम लागू होंगे लेकिन प्रस्तावक व समर्थक केवल वर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य ही हो सकते हैं ।

क्रमश : 4

॥ श्री महावीराय नमः ॥
श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस
प्रधान कार्यालय : जैन भवन, 12 , शहीद भगतसिंह मार्ग, गोल मार्किट, नई दिल्ली-110001
SHRI ALL INDIA SHWETAMBER STHANAKWASI JAIN CONFERENCE
H.O. : Jain Bhavan, 12, Shaheed Bhagat Singh Marg, Gole Market, New Delhi-110001
दूरभाष : +91-011-23363729, 23365420, फैक्स : 23344380 , E-mail : aissjc1906@gmail.com

क्रमश : 4

कृपया सुनिश्चित करें कि नामांकन पत्र प्रक्रिया के पूर्व आपके पास पूर्ण सूचना व दस्तावेज उपलब्ध हैं ।

किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिये केंद्रीय कार्यालय जैन भवन – नई दिल्ली के प्रबंधक श्री अनिलजी श्रीवास्तव (मोबा. 98830 18244) से संपर्क करें ।

| एड. धर्मचंद ध. खाबिया जैन | सी.ए. राजीव जैन | एड. अजित का. छल्लाणी जैन |
|---|---|---|
| राष्ट्रीय मुख्य चुनाव अधिकारी | राष्ट्रीय सह-चुनाव अधिकारी | राष्ट्रीय सह-चुनाव अधिकारी |

**राष्ट्रीय चुनाव समिति 2021-23**
**श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली**